पंजाब केसरी
DELHI
12 मई, 2022 ▶ गुरुवार
हरियाणा 3

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्राओं ने नाम रोशन किया



अग्रवाल कालेज की पदक विजेता छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. कृष्णकांत गुप्ता।

**बल्लभगढ़,** नितिन बंसल (पंजाब केसरी)। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में 6 मई से 8 मई 2022 को 21वी अखिल हरियाणा राज्य किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2022 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत हरियाणा राज्य के सभी जिलों के 300 खिलाडियों ने भाग लिया तथा अपना दमखम दिखाया। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के पांच छात्राओं ने स्वर्ण और रजत पदक जीतकर महाविद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में कुमारी नेहा सैनी, कुमारी पायल, कुमारी हेमलता ने स्वर्ण पदक तथा कुमारी रेखा और कुमारी नविता ने रजत पदक प्राप्त किया। उन्होंने प्रतियोगिता में झज्जर, रोहतक व रेवाड़ी के प्रतिद्वंद्वियों को हराया। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने सभी विजेता खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित श्रीमती कमल टंडन, खेल संयोजक डॉ. के. एल. कौशिक, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. सारिका, डॉ. इनायत चौधरी व शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा व कोच अजय सैनी व महाविद्यालय के अन्य प्रवक्ता गण ने आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया।